राज्यपाल सचिवालय

राजभवनए जयपुर

राज्यपाल ने विश्वविद्यालय कुलपतियों के साथ समीक्षा बैठक की

विश्वविद्यालय नैक एक्रिडिएशन के लिए तेजी से प्रयास करेए गुणवतापूर्ण शिक्षा प्राथमिकता बने- राज्यपाल

जयपुर/जोधपुर 25 अगस्त। राज्यपाल श्री हरिभाऊ बागडे ने कहा कि विश्वविद्यालय अपनी नैक एक्रेडिंग के लिए तेजी से प्रयास करे। उन्होंने गुणवतापूर्ण शिक्षा के साथ विद्यार्थियों में स्किल डेवलपमेंट के लिए प्रयास करने पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा कि हम सबको मिलकर राजस्थान को उच्च शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणीय राज्य बनाना है।

राज्यपाल श्री हरिभाऊ बागडे ने रविवार को डीआरडीओ सभागार में जोधपुर स्थित विश्वविद्यालयों के कुलपतियों के साथ समीक्षा बैठक की। इस दौरान उन्होंने विश्वविद्यालयों द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में किए जा रहे नवाचारों की जानकारी ली। साथ हीए इसको और कैसे बेहतर किया जा सकता है के संबंध में आवश्यक सुझाव दिए। उन्होंने कहा कि हमारे विश्वविद्यालय उत्कृष्ट और सर्वोच्च ज्ञान के केन्द्र बनें।

बैठक में एम बी एम विश्वविद्यालय के कुलपति श्री अजय कुमार शर्माए महात्मा गांधी दिव्यांग विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ कुसुमलता भंडारीए डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन आयुर्वेदिक विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. प्रदीप कुमार प्रजापतिए मेडिकल विश्वविद्यालय जोधपुर के कुलपति डॉ. एम के आसेरी सहित अन्य विश्वविद्यालय के कुलपति एवं प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

....

राजस्थान के माननीय राज्यपाल
श्री हरिभाऊ
किसनराव जी बागडे
के जोधपुर आगमन पर